पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की 50वीं बैठक सम्पन्न

लाइब्रेरी में मौजूद समस्त दुर्लभ साहित्य में पेंटिंग का डिजिटाइजेशन कराया जाएं–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 14 जून, 2021

रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में पठन–पाठन की उचित व्यवस्था करने के साथ ही लाइब्रेरी में मौजूद समस्त दुर्लभ साहित्य एवं पेंटिंग डिजिटाइजेशन कराया जाएं ये निर्देश उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बोर्ड की 50वीं बैठक में प्रबंध तंत्र एवं अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जो भी प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये जाते है उन्हें सम्यक विचारोपरान्त तथा औचित्य को दर्शाते हुये ही भारत सरकार को प्रेषित किये जाएं।

राज्यपाल जी ने कहा कि लाइब्रेरी में मौजूद दुर्लभ पेंटिंग का डिजिटाइजेशन करने के साथ–साथ प्रदर्शनी के माध्यम से इनका प्रदर्शन करें ताकि आम जन की जानकारी में ये पेंटिंग आये हमारी कला सबके सामने आनी चाहिये। ये दुर्लभ पेंटिंग पुस्तकालय के लिये आमदनी का माध्यम बन सकती है उन्होंने कहा कि उचित होगा कि हम रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के उत्थान एवं विकास के लिए अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करें तथा पुस्तकालय के विकास हेतु विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को प्रेरित करें उनके सी0एस0आर0 फण्ड का उपयोग करते हुये रज़ा लाइब्रेरी को एक उत्कृष्ट पुस्तकालय का स्वरूप प्रदान करें। इससे पूर्व रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के निदेशक एवं रामपुर के डीएम ने पिछली बैठक में तय किये गये बिंदुओं पर बिन्दुवार समीक्षा प्रस्तुत की।

वर्चुअल बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, रामपुर के जिलाधिकारी एवं लाइब्रेरी के निदेशक श्री रविन्दर कुमार मंदेर, राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) श्री पंकज जानी तथा लाइब्रेरी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी / राजभवन(238 / 25)

Governor Uttar
Lenovo
Abdul Ali
Murad Khan
Prof. Abdul Ali
Find a participant
DM Rampur
012599
Abdul Ali
Dr. Ranjeet Singh
Hasan Abidi
Lenovo
Murad Khan
nabeel
Prof. Abdul Ali
usha Munshi
DM Rampur
Invite

Governor Uttar
DM Rampur
Dr. Ranjeet Si
usha Munshi
Lenovo
Find a participant
Governor Uttar Pradesh
DM Rampur
Hasan Abidi
usha Munshi
012599
Dr. Ranjeet Singh
Lenovo
Murad Khan
nabeel
Prof. Abdul Ali
Hasan Abidi
Invite


Zoom Meeting
Governor Uttar
DM Rampur
012599
Prof. Abdul Ali
Lenovo
usha Munshi
Invite